**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# देवभूमि संकल्प यात्रा को सड़क पर उतरे केजरीवाल

**शक्ति प्रदर्शन**

## कार्यकर्ताओं की उमड़ी भीड़, दिखायां शक्ति प्रदर्शन

### घंटाघर स्थित इंद्रमणि बडोनी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया

**संवाददाता**

देहरादून। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल एक दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचे। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर कार्यकर्त्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। यहां से वह सीधा बीजापुर गेस्ट हाउस पहुंचे और कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इसके बाद केजरीवाल और कर्नल(सेवानिवृत्त) कर्नल अजय कोठियाल ने घंटाघर स्थित इंद्रमणि बडोनी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। केजरीवाल दून में घंटाघर से दिलाराम चौक तक देवभूमि संकल्प यात्रा निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उमड़े।



उत्तराखंड विधानसभा चुनाव नजदीक है। ऐसे में आम आदमी पार्टी भी राज्य की जनता का दिल जीतने की जुगत में लगी है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल यहां का दौरा कर आम जन को साधने में जुटे हुए हैं। इसी के तहत वे एक दिवसीय दौरे पर दून पहुंचे।

केजरीवाल मंगलवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे, जहां से वे बीजापुर गेस्ट हाउस के लिए रवाना हुए। यहां उन्होंने कार्यकर्त्ताओं से मुलाकात की, जिसके बाद वे सर्वे चौक स्थित आइआरडीटी सभागार पहुंचे, जहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। यहां से वे घंटाघर पर इंद्रमणि बडोनी की मूर्ति पर माल्यार्पण करने पहुंचे। उनके साथ कर्नल (सेवानिवृत्त) अजय कोठियाल भी मौजूद रहे। इसके बाद घंटाघर से दिलाराम चौक तक अरविंद केजरीवाल का रोड शो चला, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। सड़क पर जहां तक नजर दौड़ाई जा रही है, सड़क पर जहां नजर दौड़ाओ बस आप कार्यकर्ता नजर आ रहे थे।

आपको बता दें कि इससे पहले केजरीवाल ने अपने देवभूमि दौरे को लेकर ट्विटर पर जानकारी दी थी। साथ ही लिखा था कि वे राज्य के लिए कई अहम घोषणाएं भी करेंगे। इसी के तहत उन्होंने उत्तराखंड को आध्यात्मिक राजधानी बनाने की भी घोषणा की।

## न्यूज डायरी :

### तहसील दिवस में फरियादियों ने दी 17 शिकायते

**संवाददाता** पुरोला। तहसील में उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस में फरियादियों द्वारा 17 शिकायते दी गई जिसमे अधिंकाश शिकायतों का मोके पर निशतारण किया गया। नैटवाड़ क्षेत्र के पूर्व जिला पंचायत सदस्य रोजी सिंह सौंदाण ने दोणी इंटर कालेज का भवन बनाने की मांग की। उन्होने कहा कि विद्यालय को बने 8 साल हो गए है कितुं भवन न होने के कारण क्षेत्र के करीब एक दर्जन गांव के बच्चो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने भग्यानी से धौला मुसाई वन मोटर मार्ग की सोलिंग व मरम्मत कराने की मांग की।उन्होने भग्यानी से धौला मुसाई तक मोटर मार्ग को लोनिवि को हस्तांतरित करने की मांग की।

### घी सक्रांति पर पूर्व सीएम हरीश रावत ने कार्यकर्ताओं को प्रसाद वितरित किया

**संवाददाता** देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष हरीश रावत ने उत्तराखंड के लोक पर्व घी सक्रांति पर कार्यकर्ताओं को अपने निवास स्थान पर प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने घी सक्रांति के पर्व की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजकुमार, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता व पूर्व राज्यमंत्री मनीष कुमार नागपाल, कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ आरपी रतूड़ी, प्रदेश प्रवक्ता मथुरा दत्त जोशी, गोदावरी थापली, अर्जुन सोनकर, राकेश नेगी, सत्येंद्र पवार अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ, किरण बाल्मीकि, अभय दीपक, मोहन कुमार काला, अरुणा कुमार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मीराबाई चानू को एमवे और न्यूट्रीलाइट रेंज के ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल किया

**संवाददाता** देहरादून। देश की अग्रणी एफएमसीजी डायरेक्ट सेलिंग कंपनियों में से एक एमवे इंडिया ने इमैनुएल ग्लोबल कंसल्टेंसीज के माध्यम से एमवे और इसके न्यूट्रीलाइट रेंज के उत्पादों के ब्रांड एंबेसडर के रूप में ओलंपियन साइखोम मीराबाई चानू के साथ साझेदारी की है। चानू सभी मंचों पर न्यूट्रीलाइट डेली, ओमेगा और ऑल प्लांट प्रोटीन जैसे बुनियादी रेंज पर केंद्रित कंपनी के अभियानों की अगुवाई करेगी। ओलंपिक पदक विजेता के साथ यह साझेदारी विशेष रूप से देश में महिलाओं और युवाओं के लिए एमवे के स्वास्थ्य और पोषण श्रेणी को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने के अनुरूप है। मीराबाई चानू के साथ हमारा जुड़ाव एक स्वाभाविक पसंद है। वह आशा, प्रतिबद्धता, आत्म–सशक्तिकरण, स्वस्थ जीवन के हमारे मूल्यों का उदाहरण देती हैं।

## उजपा में शामिल जिला पंचायत सदस्य हितेश चौहान

**संवाददाता** नई टिहरी। जिला मुख्यालय के निकटवर्ती बागी–सारज्यूला सीट से जिला पंचायत सदस्य हितेश चौहान ने उत्तराखंड जनएकता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने दर्जनों समर्थकों के साथ उजपा में शामिल होकर 2022 में पार्टी को विजयश्री दिलाने का संकल्प लिया। कहा कि पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री दिनेश धनै की कार्यशैली से प्रभावित होकर उन्होंने सदस्यता ली है।

मंगलवार को उजपा के केंद्रीय कार्यालय में जिपं सदस्य हितेश चौहान समर्थकों समेत उजपा में शामिल हुए। कहा कि भाजपा–कांग्रेस के मुद्दे राष्ट्रीय नेतृत्व तय करता है। जिस कारण स्थानीय मुद्दों पर बात नहीं होती। ऐसे में उजपा ही एक मात्र पार्टी है जो उत्तराखंड की समस्याओं के लिए संघर्ष कर सकती है। पूर्व मंत्री धनै ने कहा कि जिस तरह से युवा और मातृ शक्ति का समर्थन मिल रहा है उससे निश्चित है कि आगामी सरकार बनाने में उनके दल की भूमिका अहम होगी। इस मौके पर पार्टी के युवा मोर्चा के चंबा ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र रावत ने कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें विकास नेगी, राज रावत, प्रवीन सेमल्टी, मेहुल रावत को उपाध्यक्ष अर्जुन रावत, मनीष नेगी महासचिव, पंकज नकोटी, रोहित शर्मा, शुभम भट्ट, विकास नकोटी सचिव, सुभाष नेगी कोषाध्यक्ष बनाए गए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष संजय मैठाणी, महिला जिलाध्यक्ष रागिनी भट्ट, केंद्रीय उपाध्यक्ष गोविन्द बिष्ट, धनवीर पुरूषोड़ा, श्रीराम भट्ट, प्रशांत उनियाल मौजूद रहे।



## महिलाओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बाधी रांखी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में ट्राइफेड द्वारा आयोजित रक्षा बंधन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर महिलाओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनको रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राखी का पर्व भाई–बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है। त्योहार आपसी भाईचारे के साथ ही हमारे जीवन में उमंग और उत्साह का संचार करते हैं। त्योहार हमारी सांस्कृतिक पहचान होते हैं। प्राचीन संस्कृति को बनाए रखने में त्योहारों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

## 41 साल बाद कार्मिक को मिला हाईकोर्ट से न्याय
## पेंशन सहित रिटायरमेंट सभी लाभ देने के आदेश

**संवाददाता** नैनीताल। हाईकोर्ट ने 1980 में उत्तराखंड जल संस्थान से निष्काषित कार्मिक के समस्त देयकों का भुगतान, पेंशन व रिटायरमेंट के समस्त लाभ देने के आदेश पारित किए हैं। कोर्ट ने उत्तराखंड जल संस्थान की याचिका को भी निरस्त कर दिया है।

न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ में देहरादून निवासी कान सिंह राणा की याचिका पर सुनवाई हुई। जिसमें कहा गया है राणा ने श्रम न्यायलय देहरादून 1980 में याचिका दायर की थी। बताया कि उनको उत्तराखंड जल संस्थान ने 1980 में बिना किसी कारण व बिना नोटिस के उनको विभाग से बर्खास्त कर दिया था।



इस आदेश को 1980 में श्रम न्यायलय में चुनौती दी गयी थी। 2006 में श्रम न्यायालय ने उनके हित मे आदेश दिया। श्रम न्यायलय के आदेश को गढ़वाल जल संस्थान व उत्तराखंड जल संस्थान ने हाई कोर्ट में यह कहकर चुनौती दी कि उनको श्रम न्यायालय ने नही सुना और बिना सुने उनके खिलाफ एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया था। पूर्व में हाइकोर्ट ने गढ़वाल जल संस्थान व उत्तराखंड जल संस्थान निर्देश दिए थे कि वह दुबारा से श्रम न्यायालय में अपनी आपत्ति इस आदेश के खिलाफ पेश करें। श्रम न्यायालय ने उनकी आपत्ति को निरस्त कर फिर से याचिकाकर्ता के हित में निर्णय दिया। उन्होंने अपनी आपत्ति में कहा था कि श्रमिक ने अपने कार्यकाल में 240 दिन कार्य नही किया है इसलिए विभाग ने उनको निष्काषित कर दिया था।

श्रम न्यायालय के इस आदेश को गढ़वाल जल संस्थान व उत्तराखंड जल संस्थान ने फिर से हाईकोर्ट में चुनोती दी। जिसमे आज सुनवाई के बाद एकलपीठ ने उत्तर प्रदेश औद्योगिक विवाद अधिनियम व सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों का हवाला देते हुए श्रमिक को समस्त देयकों, पेंशन सहित रिटायरमेंट के समस्त लाभ देने के आदेश गढ़वाल व उत्तराखंड जल संस्थान को दिए है।

## वाचस्पति मैठाणी संस्कृत ज्ञान प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण शुरू

**संवाददाता** देहरादून। डॉ. वाचस्पति मैठाणी स्मृति मंच द्वारा अखिल भारतीय ऑनलाइन संस्कृत ज्ञान प्रति योगिता के लिए पंजीकरण शुरू हो गए हैं। स्मृति मंच प्रति वर्ष डॉ वाचस्पति मैठाणी की जयंती पर ऑनलाइन प्रति योगिताओं का आयोजन करता है। डा. मैठाणी की 72वीं जयंती पर संस्कृत के प्रचार प्रसार को व छात्रों की प्रतिभा विकास के लिए ये ऑनलाइन प्रतियोगिता की जा रही है। जिसमें गीता श्लोक गान, संस्कृत गीत प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से कक्षा 12 वीं तक के छात्र हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता का अपना दो से चार मिनट का वीडियो व्हाट्सएप ग्रुप में 22 अगस्त तक देना होगा। प्रतिभागी को निर्णायकों के अलावा फेसबुक पेज पर दर्शकों की संख्या बढ़ाने का भी मौका दिया जाएगा। जिसमें एक से 25 तक अंक प्राप्त किए जा सकते हैं। ऑनलाइन संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 12 तक के छात्र–छात्राएं प्रति भाग कर सकते हैं।